BSES Yamuna Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI फरवरी - 2019

बिजली चोरीः बिजनेसमैन को दो साल की जेल, 1.15 करोड़ रुपये का जुर्माना

पूर्वी दिल्ली में सीलमपुर इलाके के एक बिजनेसमैन को बिजली की स्पेशल कोर्ट ने बिजली चोरी के जुर्म में दो साल जेल की सजा सुनाई है और करीब 1.15 करोड़ रुपये का जुर्माना (68.83 लाख फाइन तथा 45.89 लाख सिविल लायबिलिटी) भी किया है। बिजनेसमैन 2013 में एक जांच के दौरान, 45 किलोवॉट की बिजली चोरी करते पकड़ा गया था। इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट की धारा 135 के तहत उसे दोषी करार दिया गया।

आरोपी को सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा– ... इस मामले में न्याय के तकाजे के तहत, दोषी व्यक्ति को दो साल की साधारण कैद की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट ने कहा–जहां तक जुर्माने का सवाल है, तो, इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट की धारा 135 के तहत, इस मामले में बिजली का कनेक्टड लोड 10 किलोवॉट से अधिक पाया गया था, और ऐसे में, इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट की धारा 135 के तहत, पहली बार दोषी साबित हुए व्यक्ति के लिए, पहले प्रावधान के तौर पर, बिजली चोरी से हुए वित्तीय लाभ का कम से कम तीन गुणा जुर्माना आवश्यक है।

अपराध की प्रकृति की बात करते हुए कोर्ट ने कहा – वर्तमान केस में लागू कानून तथा तथ्यों व परिस्थितियों की रोशनी में, मेरा यह विचार है कि यह एक आर्थिक अपराध है, जहां दोषी व्यक्ति के कार्यों से पूरा का पूरा समाज उत्पीड़ित है और ईमानदारी से बिजली के शुल्कों का भगतान करने वाले भी पीड़ित हैं ...।

बीवाईपीएल के पावर बकेट में होगा 250 मेगावॉट विंड पावर

उपभोक्ताओं पर न्यूनतम बोझ सुनिश्चित करते हुए, बीएसईएस टिकाउ विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। अपने इसी संकल्प के तहत, बीवाईपीएल ने 100 मेगावॉट विंड पावर खरीदने के लिए सेकी यानी सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता किया है। बेहद प्रतियोगितात्मक दर पर उपलब्ध यह बिजली वित्त वर्ष 2020–21 से मिलनी शुरू होगी और अगले 25 वर्षों तक मिलेगी। इस हालिया समझौते को मिलाकर, बीवाईपीएल अब तक 250 मेगावॉट विंड पावर के लिए समझौते कर चुकी है।

सौर ऊर्जा के पैनल्स लगवाएं, अपनी बिजली खुद बनाएं

आप अपने घर/ ऑफिस की छत पर सौर ऊर्जा के पैनल्स लगाकर, अपने लिए खुद बिजली का उत्पादन कर सकते हैं और बिजली बिल के तौर पर पैसे बचा सकते हैं। अब तक बीवाईवपीएल रूफटॉप सोलर नेटमीटरिंग के 283 कनेक्शन दे चुकी है, जिनकी बिजली उत्पादन क्षमता 17,500 किलोवॉट है। अगर आप भी रूफऑप सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी व सलाह चाहते हैं तथा नेटमीटरिंग सिस्टम का लाभ उठाना चाहते हैं, तो आप बीवाईपीएल से निम्नलिखित माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं:

011 39999808/ 19122
netmetering.bypl@relianceada.com

बीवाईपीएल कर्मियों ने जरूरतमंदों को दिए गर्म कपड़े

बीवाईपीएल ने जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटने के लिए अपने स्टाफ के बीच एक महीने का अभियान ''आसरा सुकून का'' चलाया था। इस अभियान के तहत, बीवाईपील के सभी 14 डिविजनों के कर्मियों ने करीब 2000 गर्म कपड़े डोनेट किए। जमा किए गए कपड़े नाइट शेल्टरों में रहने वाले लोगों के बीच बांटने के लिए एनजीओ सोफिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी को सौंप दिए गए।

डीईआरसी (सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडड्र्स) रेगुलेशंस, 2017 के मुताबिक, लगातार तीन बिलिंग साइकल की अवधि के बाद, लाइसेंसी बिल के हार्ड कॉपी यानी कागज वाले बिल की डिलिवरी रोक सकता है।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजेंः कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032,
सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525
फोनः 11-399-97-111/399-99-273
ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

टॉल फ्री 24x7 19122

कॉल 24x7 011-399 99 808

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156

बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित